उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 02 कार्तिक, शक संवत्, 1927
### ( दिनांक : 24 अक्टूबर, 2005 )

### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी "**ख**" "**ग**" तथा "**घ**")।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत बालगंगा महाविद्यालय सेन्दुल केमर को अनुदान सूची में सम्मिलित करने के सम्बन्ध में" श्री विद्यादत्त ममगाई एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल (विधान सभा सदस्यों, मंत्रियों तथा अधिकारियों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

9. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल (विधान सभा सदस्यों, मंत्रियों तथा अधिकारियों की उपलब्धियां और पेंशन) (प्रथम संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

10. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

11. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

12. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ङ")

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचना पर एक घण्टे की चर्चा :-

"निर्माणाधीन टिहरी बांध की टनल संख्या टी-2 को बन्द कर दिए जाने के निर्णय से टिहरी बांध से प्रभावितों जिनका अभी तक पूर्ण रूप से पुनर्वासन नहीं किया जा सका है में व्याप्त भय क्षोभ एवं असन्तोष के सम्बन्ध में।"

15. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री प्रकाश पन्त,<br>3. श्री मदन कौशिक,<br>4. श्री कैलाश शर्मा,<br>5. श्री गोविन्द लाल शाह,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल,<br>8. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>9. श्री अजय भट्ट। | "यह सदन उत्तरांचल त्रिस्तरीय पंचायत राज (छठा संशोधन) अध्यादेश, 2005 का अननुमोदन करता है।" |

16. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल त्रिस्तरीय पंचायत राज (छठा संशोधन) विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री काशी सिंह ऐरी,<br>2. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>3. श्री पुष्पेश त्रिपाठी। | उत्तरांचल त्रिस्तरीय पंचायत राज (छठा संशोधन) विधेयक, 2005 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

17. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल त्रिस्तरीय पंचायत राज (छठा संशोधन) विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

18. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
| --- | --- |
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री प्रकाश पन्त,<br>3. श्री मदन कौशिक,<br>4. श्री कैलाश शर्मा,<br>5. श्री गोविन्द लाल शाह,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्री विशन सिंह चुफाल,<br>8. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>9. श्री अजय भट्ट, | "यह सदन उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अध्यादेश, 2005 का अननुमोदन करता है।" |

19. मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (एक घण्टा)।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री अजय भट्ट,<br>3. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>4. श्री कैलाश शर्मा,<br>5. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>6. श्री विशन सिंह चुफाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री प्रकाश पन्त,<br>9. श्री मदन कौशिक,<br>10.श्री सुरेश चन्द्र जैन। | "उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर विधेयक, 2005 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

A /

20. मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

21. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री विशन सिंह चुफाल,<br>5. श्री अजय भट्ट,<br>6. श्री प्रकाश पन्त,<br>7. श्री मदन कौशिक,<br>8. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>9. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>10.श्री कैलाश शर्मा,<br>11.श्री अनिल नौटियाल। | "उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

22. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

23. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के लोकायुक्त द्वारा वर्ष 2005 में दिनांक 17 जनवरी, 2005 को सदन के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट पर सदन में चर्चा कराई जाय।"

24. श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में बाल विवाह प्रतिषेध कानून का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।"

25. प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों एवं प्रदेश की बाहर की इकाईयों को शीरे के आवंटन की अनुबन्ध की दरों विषयक दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-1 नत्थी (क) के सम्बन्ध में डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-49 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

26. सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को कोल्हू चलाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु नीति विषयक दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-2 नत्थी (क) के सम्बन्ध में श्री मदन कौशिक द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-49 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

27. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

28. राज्य में खेल विभाग द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए वर्ष, 2003 से कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर, 2005 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, खेल मंत्री का केवल वक्तव्य।

29. जन-गण-मन (देखिए नत्थी "च")।

आज्ञा से,

**देहरादून :**
**दिनांक : 24 अक्टूबर, 2005**

**( महेश चन्द्र )**
सचिव।

तृतीय सत्र, 2005
का प्रथम सोमवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 02 कार्तिक, शक संवत्, 1927
( दिनांक : 24 अक्टूबर, 2005 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री अजय भट्ट
28-09-2005
श्री प्रकाश पन्त
30-09-2005
श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत

**1. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2002-03 से अब तक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से कुल कितनी धनराशि का वितरण किया गया तथा प्रदेश के जनपद वार दी गई धनराशि का विवरण क्या है? क्या राज्य से बाहर के व्यक्तियों को भी आर्थिक सहायता दी गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण उपलब्ध करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? मुख्यमंत्री कार्यालय

श्री हरबंस कपूर
21-09-2005

**2. क्या खाद्य आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून-ऋषिकेश में राशन कार्ड संख्या 308091, 018230, 318359 किन-किन व्यक्तियों को जारी किया गया है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि उक्त संख्या के जारी राशन कार्ड धारक लम्बी अवधि के वीजा पर भारत में रह रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त राशन कार्डो को निरस्त कर इस प्रकरण में लिप्त दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों खाद्य

# नत्थी "ख"

## उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 29 (4) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>24-09-2005 | *1. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सिडकुल द्वारा राज्य में औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन से वर्ष 2004-05 में कितनी आय हुई है? क्या समस्त धनराशि राजकोष में जमा की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

# नत्थी "ग"

**उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत स्थगित**

## तारांकित प्रश्न

श्री किशोर उपाध्याय
11-03-2005

*1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी सेवा में अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवा विस्तार/पुनः सेवायोजन दिये जाने के संबंध में शासन की कोई नीति है? यदि हाँ, तो वर्तमान कैलेण्डर वर्ष में किन-किन अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा विस्तार/पुनः सेवायोजन दिया गया है? उसका औचित्य क्या है? कार्मिक

# नत्थी ''घ''

## तारांकित

श्री प्रकाश पंत
03-06-2005
श्री अनिल नौटियाल
07-07-2005

*1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में विकास की गति देने हेतु फरवरी, 2004 को सीमान्त क्षेत्र विकास प्रधिकरण की स्थापना की गयी थी? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि 31 मई, 2005 तक संदर्भित प्राधिकरण की एक भी बैठक आयोजित नहीं की गयी? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सीमावर्ती जनपदों के विकास हेतु क्या-क्या योजनायें प्रस्तावित की गयी है? नियोजन

श्री हरबंस कपूर
04-06-2005

*2. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि हेमवती नन्दन बहुगुणा विश्व विद्यालय गढ़वाल में कुछ माह पूर्व रद्दी की बोरियों के साथ कोरी अकंतालिका एवं उपाधियां विश्व विद्यालय प्रागंण से बाहर गयी हैं? यदि हाँ, तो क्या प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? उच्च शिक्षा

श्री विशन सिंह चुफाल
06-06-2005
श्री अजय भट्ट
06-07-2005
डा0 नारायण सिंह जन्तवाल
06-07-2005

*3. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

श्री मदन कौशिक
06-06-2005

*4. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि हरिद्वार में पेयजल का घोर संकट है? यदि हाँ, तो संकट से निपटने हेतु सरकार ने कोई योजना बनायी है? यदि हाँ, तो क्या? पेयजल

श्री विजयपाल सिंह सजवाण
09-06-2005

*5. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के पाला-मनेरी, लोहारीनाग-पाला, भैरों घाटी प्रथम व द्वितीय चरण, अस्सी गंगा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण तथा पिलंग गाड लघु जल विद्युत परियोजनाओं के लिए अधिगृहीत भूमि के विस्थापित परिवारों एवं अन्य स्थानीय शिक्षित बेराजगार (एम.बी.ए., डिप्लोमाधारी जूनियर इं0, आई.टी.आई डिप्लोमाधारी) नवयुवकों को अन्य विस्थापितों की तरह जल विद्युत निगम, लघु जल विद्युत निगम, एन.टी.पी.सी. अथवा अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों/कार्यालयों में उनकी योग्यतानुसार रोजगार देने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? ऊर्जा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
09-06-2005

*6. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि सीमान्त जनपद उत्तरकाशी में माह अक्टूबर, 2004 में गंगोत्री से बद्रीनाथ साहसिक पर्यटन मार्ग पर कालिन्दी से आगे बेल्जियम के तीन विदेशी नागरिक प्रतिबन्धित क्षेत्र (इनर लाईन) में मिले? यदि हाँ, तो इस रूट पर जाने की इजाजत इन विदेशी नागरिकों को किसने दी? क्या सरकार सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय की जांच करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? गृह

डा० नारायण सिंह जन्तवाल
06–07–2005

***7. दिनांक 20–10–2005 को तारांकित 04 द्वारा उत्तरित**

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत
06–07–2005
श्री प्रीतम सिंह पंवार
12–07–2005
श्री हरभजन सिंह चीमा
26–07–2005
श्री प्रकाश पन्त
20–08–2005
श्री नारायण पाल
27–09–2005
श्री पुष्पेश त्रिपाठी
27–09–2005
श्री अजय भट्ट
28–09–2005

***8. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

काज़ी निजामुद्दीन
07–07–2005

***9.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में स्थापित औद्योगिक इकाइयों को स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रदूषण नियंत्रण के मानकों को भी ध्यान में रखा गया है? यदि हाँ, तो क्या समय–समय पर सरकार द्वारा इस बात की भी जांच की गई है कि सभी औद्योगिक इकाईयों द्वारा मानको का अनुपालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो दोषी इकाइयों के खिलाफ क्या कार्यवाही की जा रही हैं?

**उद्योग**

श्री अजय भट्ट
08–07–2005

***10.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि पूर्व में जल विद्युत निगम उत्तरांचल द्वारा निविदा प्रपत्र का शुल्क 250/– रूपया निर्धारित था तथा वर्तमान में यह शुल्क रूपया 250/– से बढ़ाकर रूपया 16,500/– निर्धारित कर दिया गया है? क्या यह सत्य है कि स्थानीय ठेकेदार निविदा लेने में असमर्थ हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार स्थानीय छोटे–छोटे ठेकेदारों के हित को मध्य–नजर रखते हुये पुनः निविदा प्रपत्र की कीमत रूपया 250/– करने पर विचार करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

श्री कैलाश शर्मा
08–07–2005

***11** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों के घटते जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुये नदियों के जल संवर्द्धन हेतु नदियों में बांध बनवाये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या है तथा यह कब तक प्रारम्भ हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**सिंचाई**

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>11-07-2005 | *12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोकायुक्त को आम जनता की शिकायतों को वादों का रूप देते हुए उनकों सुनने व उस पर निर्णय देने का अधिकार प्राप्त है? यदि हाँ, तो ऐसी शिकायतों जिनकों वादों में परिवर्तित किया जा सकता हो का आकार एवं ग्राहयता की शर्तें क्या निर्धारित की गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>22-07-2005 | *13. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 'सिडकुल' द्वारा कुल कितने 'प्लाटस' उद्यमियों को बेचे/आवंटित किये गए हैं तथा इन भूखण्डों से कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है? क्या यह धनराशि प्रश्न प्राप्ति की तिथि तक राजकोष में जमा कर दी गई है? यदि नहीं, तो करोड़ो रूपये की धनराशि राजकोष में जमा न करने के लिये कौन-कौन अधिकारी दोषी हैं? क्या सरकार इस प्रकरण की सतर्कता विभाग से जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठनाई है? | उद्योग |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>26-07-2005 | *14. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल में तिब्बती शराणार्थियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के माध्यम से मूल निवास प्रमाण पत्र सहित प्रदेश सरकार में नौकरी पाने व अन्य लाभ अर्जित करने के प्रकरण प्रकाश में आये हैं? यदि हाँ, तो सरकार इस दिशा में क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>06-08-2005 | *15. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि 21 जुलाई, 2005 को जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत अगस्त्यमुनि के विजय नगर कस्बे में बादल फटने से 4 लोगों की मृत्यु 11 लोग घायल तथा कई मकान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गये और क्या कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी भारी नुकसान हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा मृतकों के आश्रितों और घायलों को क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>10-08-2005 | *16. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली में कौठियालसैंण उर्गम व तपोवन पावर हाउस कब से बन्द पड़े हैं तथा उक्त पावर हाउसों से कितने मेगावाट बिजली उत्पादित होती रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन पावर हाउसों के बन्द होने से आज तक सरकार को कितना वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा? | ऊर्जा |
| श्री नारायण पाल<br>29-08-2005 | *17. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के औद्योगिक आस्थान (हरिद्वार, उधमसिंह नगर, सितारगंज) में स्थापित हो रहे उद्योगों में स्थानीय व प्रदेश के व्यक्तियों की नियुक्ति का प्रतिशत निर्धारित है? यदि हाँ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिघंल<br>29-08-2005 | *18 | क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल के गठन के पश्चात उत्तर प्रदेश से उत्तराचंल की चीनी मिलों के बीच हुए एम0ओ0यू0 के अन्तर्गत गन्ने की आपूर्ति होती है? क्या यह सत्य है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा उक्त समझौते के विरूद्ध कोई निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त एम0ओ0यू0 की कोई वैधता के संबंध में सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई हैं? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री तसलीम अहमद<br>29-08-2005 | *19. | क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार राज्य की चीनी मिलों को पेराई सत्र 2005-06 का आरम्भ अनिवार्य रूप से अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह तक करने हेतु आदेश प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई हैं? | गन्ना |

## अतारांकित

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>03-06-2005 | 1. | क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में गों हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की कोई योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |
| श्री हरबंस कपूर<br>03-06-2005 | 2. | **दिनांक 20-10-2005 को अतारांकित 08 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>04-06-2005 | 3. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के मेलकुड़ा तथा गैराड़ गांव का विद्युतीकरण किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री हरबंस कपूर<br>04-06-2005 | 4. | क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी-देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित ट्रान्सपोर्ट नगर फेज-1 में दुकानों के निर्माण हेतु भू-खण्डों का आवंटन कब किया गया था? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि आवंटित भू-खण्डों की सेल डीड भू-खण्ड स्वामियों को उपलब्ध करा दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>06-06-2005 | 5. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डोकला पेयजल योजना का श्रोत सूख जाने से पेयजल की समस्या बनी हुई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अन्य श्रोत से पेयजल सुलभ करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पंत<br>06-06-2005 | 6. | क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में मरसोली, दिगांस, कासनी, इत्यादि स्थानों पर पौराणिक मन्दिरों के अवशेष स्थित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इनके सरंक्षण हेतु प्रयास करेगी? यदि हाँ, तो कब तक कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

श्री हरभजन सिंह चीमा
06-06-2005

7. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर में विधान सभा क्षेत्र काशीपुर के अन्तर्गत निर्माणाधीन 400 के0बी0ए0 के पावर हाउस के प्रति विभाग द्वारा अराजी खरीदी गई? क्या सरकार की जानकारी में है कि संबंधित अराजी में बरसात के मौसम में लगभग 2 फुट तक पानी खड़ा हो जाता है और सम्पूर्ण अराजी जलमग्न हो जाती है? यदि हाँ, तो शासन द्वारा दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? ऊर्जा

श्री हरभजन सिंह चीमा
06-06-2005

8. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह नगर के 14 उद्योगों पर लगभग 12 वर्ष पूर्व उ0प्र0 सरकार द्वारा उद्योगों को दिये गये परिवहन उपादान की समीक्षा से संबंधित वाद जो सी0बी0सी0आई0डी0 बरेली से सतर्कता विभाग उत्तरांचल को स्थानान्तरित किए गये हैं को शासन द्वारा वापस लिया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? उद्योग

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07-06-2005

9. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम्य विकास विभाग उत्तरांचल के लिपिकीय पदों पर स्टाफिंग पैटर्न की स्वीकृति के अनुसार पदों का प्रतिशत के आधार पर विभक्तीकरण/उच्चीकरण की कार्यवाही लम्बित है? यदि हाँ, तो उक्त विभाग के अल्प-वेतन भोगी कर्मिकों के संबंध में कब तक कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? ग्राम्य विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07-06-2005

10. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के ग्राम पंचायत बाड़िया, निसणी, मदेश व कुपड़ा में पेयजल की समस्या है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नवीन पेयजल योजनाओं का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? पेयजल

श्री हरबंस कपूर
07-06-2005

11. क्या पेयजल मंत्री बतायेंगे कि देहरादून में सीवर व्यवस्था के रखरखाव एवं नियमित सफाई हेतु कोई मशीन उपलब्ध है? यदि हाँ, तो कौन-कौन सी? यदि नहीं, तो क्या सरकार जल संस्थान को मशीन उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? पेयजल

श्री हरबंस कपूर
07-06-2005

12. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में न्यायिक अधिकारियों हेतु कैडर निर्धारित है? यदि हाँ, तो कितना? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त कैडर के सापेक्ष कितने न्यायिक अधिकारी उपलब्ध है? क्या मंत्री जी न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों पर नियुक्तियां किये जाने हेतु कार्यवाही करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? कार्मिक

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08-06-2005 | 13. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में क्यारा-खनाटी हाईड्रम योजना पर कार्य अपूर्ण है तथा शाखा गूलों व स्टोर टैंक का निर्माण नहीं कराया गया है? यदि हाँ, तो शाखा गूलों व स्टोर टैंक का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08-06-2005 | 14. क्या सिंचाई-बाढ़ मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में कुआं तोक में स्थित सिंचित भूमि का बरसात में यमुना नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण प्रतिवर्ष कटाव हो रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार काश्तकारों की सिंचित भूमि को कटाव से राकने के लिए उपरोक्त तोक में बाढ़ नियन्त्रण कार्य करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>08-06-2005 | 15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में कुंवा-बर्नीगाड हाईड्रम योजना पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है? जिससे सिंचाई नहीं हो पा रही है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना का पुर्ननिर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>08-06-2005 | 16. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में ग्राम होकरा हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से वर्ष 2002 में सड़क स्वीकृत की गई, जिसमें वन विभाग से भी स्वीकृति मिली है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>08-06-2005 | 17. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट कररेंगे कि प्रदेश में कितने गांवों को सौर-ऊर्जा से विद्युतीकरण किया गया है? क्या यह सत्य है कि सौर-ऊर्जा से आच्छादित गांव नियमित विद्युत आपूर्ति से वंचित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इन ग्रामों का पुनः विद्युतीकरण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पंत<br>08-06-2005 | 18. क्या मुंख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य के कर्मचारियों द्वारा आन्दोलन करने पर रोक लगाने का आदेश पारित किया गया है? यदि हाँ, तो उसके क्या कारण है? क्या आदेश की प्रति को सदन के पटल पर रखा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री प्रकाश पंत<br>08-06-2005 | 19. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि पिथौरागढ़ में पुरातात्विक महत्व का गोरखों का किला जिसमें वर्तमान में तहसील कार्यालय संचालित हो रहा है, को सरकार पुरातात्विक इमारत घोषित करते हुए संरक्षित किए जाने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>08-06-2005 | 20. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में घाट पम्पिंग योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है? यदि हाँ, तो वर्ष 2004-05 में तथा 31 मई, 2005 तक कितना पेयजल लिफ्ट किया गया तथा योजना की क्षमता कितने मिलियन लीटर प्रतिदिन पेयजल लिफ्ट करने की है? क्या मंत्री जी, यह भी बतायेंगे कि नगरपालिका परिषद् पिथौरागढ़ में पेयजल की मांग कितने मिलियन लीटर प्रतिदिन है? | पेयजल |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>08-06-2005 | 21. क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में रा0 स्नातक महाविद्यालय में वर्तमान समय में अलग-अलग विषयों में प्रवक्ताओं के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? इन पदों के सापेक्ष कितने पदों पर प्रवक्ता कार्यरत हैं तथा कितने संबंद्धीकरण किये गये हैं? क्या सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>08-06-2005 | 22. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में भेड़ निदेशालय कब तक खोला जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पशुपालन |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>08-06-2005 | 23. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी शहर ज्ञानसू तथा गंगोत्री में आन्तरिक सीवर लाइन कब तक बिछाई जानी प्रस्तावित है? | पेयजल |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>09-06-2005<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-07-2005 | 24. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी महाविद्यालय में एल.एल.बी. (कानूनी शिक्षा), पत्रकारिता, पर्यटन एवं अन्य रोजगार मूलक संकायों को खोलने की योजना है? यदि हाँ, तो यह संकाय कब तक खोल दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09-06-2005 | 25. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत ज्येष्टवाडी गांव के हरिला तोक से मौराड़ा तोक तक सिंचाई नहर निर्माण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कृषकों के हित में सिंचाई नहर का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09-06-2005 | 26. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में नलकूप चालक व सींचपाल के मृत संवर्ग पदों को पुनर्जीवित करते हुए कार्य प्रभारित सींचपालकों व नलकूप चालकों को नियमित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-06-2005 | 27. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में भागीरथी नदी पर प्रस्तावित 600 मेगावाट की लोहारीनाग पाला व 520 मेगावाट की पाला मनेरी जल विद्युत परियोजनाओं की पर्यावरण प्रभाव आकंलन रिपोर्ट (ई.आई.ए.) जन सुनवाई के पश्चात तैयार कर ली गयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त दोनो परियोजनाओं की पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10-06-2005

28. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार के रमोलसारी गांव में पठालख्याण-सुराणा तोक से हुए भूस्खलन के कारण गांव के 55 परिवारों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गांव को विस्थापित/पुनर्वासित कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

आपदा प्रबन्धन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10-06-2005

29. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में भागीरथी नदी पर बनाये जाने वाले लोहारीनाग पाला व पाला मनेरी जल विद्युत परियोजनाओं के लिए किन-किन गांवो के ग्रामीणों की कृषि भूमि अध्याप्त की गयी है? और सरकार द्वारा भूमि के बदले इन ग्रामीणों को किन-किन सुविधाओं को दिए जाने का प्रस्ताव किया गया है? क्या सरकार भूमि अध्याप्त परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी पर रखेगी? यदि नहीं तो क्यों?

ऊर्जा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
13-06-2005

30. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में आंचल दुग्ध डेयरी मातली में प्रतिदिन कुल कितने लीटर दूध एकत्र किया जाता है? दूध व दुग्ध पदार्थो से प्रतिदिन कुल कितनी आय अर्जित होती है और इसके सापेक्ष उक्त डेयरी में कुल कितने कार्मिक कार्यरत हैं तथा प्रतिमाह कार्मिकों के वेतन भत्तों पर सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि प्रतिमाह व्यय की जा रही है?

दुग्ध विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार
13-06-2005

31. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के ग्राम कुथनौर में जमनाली नामे तोक में सिंचित भूमि स्लेटिंग होने से काश्तकारों की 50 नाली से अधिक सिंचित भूमि क्षतिग्रस्त हो गयी है? यदि हाँ, तो सरकार उन काश्तकारों को भूमि का मुआवजा देगी? यदि नहीं, तो क्यों?

आपदा प्रबन्धन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
13-06-2005

32. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) द्वारा सोलर फैन्सिंग योजना का ठेका ऊँची दरों पर बंगलौर की कम्पनी आईबैक्स लिमिटेड को दिया गया? क्या यह सत्य है कि सोलर फैन्सिंग योजना में विगत तीन वर्षो में 5 करोड़ रूपये से अधिक का घोटाला प्रकाश में आया है? यदि हाँ, तो सरकार इसकी जांच करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री तसलीम अहमद
14-06-2005

33. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि ग्राम मौ0 पुर कुन्हारी तहसील व जिला हरिद्वार में ख0नं0-171 (रास्ता) चकरोड पर ख0नं0-172 व 169 के पास अवैध कब्जा किया हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त खसरों की पैमाइश करा कर अवैध कब्जों से मुक्त करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

राजस्व

श्री तसलीम अहमद
14-06-2005

34. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि ग्राम मौ0 पुर कुन्हारी तहसील व जिला हरिद्वार में ख0नं0-30, 31, 172/1 आदि (बंजर भूमि) नम्बरों की सजरें में आकृति खतौनी रकबे से बहुत कम है? यदि हाँ, तो क्या सरकार सज़रा दूरूस्ती करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो?

राजस्व

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>14-06-2005 | **35.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत करायेंगे कि जल विद्युत परियोजना श्रीनगर (पौड़ी) का अनुबन्ध किस दिनांक को किस के बीच सम्पन्न हुआ तथा आज तक इसमें कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार भविष्य में इस परियोजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16-06-2005 | **36.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड डुण्डा के ग्राम बडेथ (भण्डारस्यूँ) की बस्ती तल्लासारी में विद्युतीकरण करवाया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16-06-2005 | **37.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में लोहारीनाग पाला व पाला मनेरी जलविद्युत परियोजनाओं की सुंरगों के निर्माण में विस्फोटक सामग्री का उपयोग करने से ग्रामीणों के मकानों पर दरारें पड़ने की सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्था की गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>18-06-2005 | **38.** क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट क्षेत्र की प्राचीन मन्दिरों में मूर्तियां एवं अन्य ऐतिहासिक अवशेष अस्त-व्यस्त हो रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मूर्तियों तथा अन्य ऐतिहासिक अवशेषों को संरक्षित करने हेतु ''राजकीय संग्रहालय'' का निर्माण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो कब तक? | **संस्कृति** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18-06-2005 | **39.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वरूणावत भूस्खलन ट्रीटमेन्ट बफर जोन की भू-वैज्ञानिकों की राय पर खाली कराने के निर्देश दिये गये हैं? यदि हाँ, तो बफर जोन में रहने वाले लोगों को मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18-06-2005 | **40.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1996 में जनपद उत्तरकाशी के अभ्यर्थियों द्वारा पटवारी प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था? यदि हाँ, तो उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को कब तक पटवारी पद पर नियुक्ति दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20-06-2005 | **41.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में लोहारीनागपाला व पाला मनेरी जल विद्युत परियोजनाओं की पुर्नवास नीति बनायी जा चुकी है? यदि हाँ, तो पुर्नवास नीति क्या है? क्या सरकार पुर्नवास नीति की एक प्रति उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |

श्रीमती आशा नौटियाल
21-06-2005

42. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग की ग्राम सभा भणज में पेयजल के भारी संकट को देखते हुए सरकार पेयजल योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त गांव की पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्रीमती आशा नौटियाल
21-06-2005

43. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग में रा0इ0का0 न्याल्सू रामपुर का विद्युतीकरण न होने से छात्रों के पठन पाठन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो उक्त विद्यालय में विद्युतीकरण किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

द्वितीय बुधवार के अता0 20 मे स्था0

श्रीमती आशा नौटियाल
21-06-2005

44. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग में गणेशनगर धारतोदला पेयजल योजना क्षतिग्रस्त हो गई है और उक्त योजना से ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति नही हो पा रही? क्या उक्त योजना को पुनः चालू करने तथा ग्रामीणों को सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्रीमती आशा नौटियाल
21-06-2005

45. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के तहसील व विकासखण्ड उखीमठ में सिंचाई विभाग का उपखण्ड कार्यालय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक कार्यालय की स्थापना की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
21-06-2005

46. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के बग्वाली पोखर के ग्राम-मेल्टा, भण्डरगांव, सकुनी, वासुलीसेरा पनेरगांव, रावलसेरा, उड़गल आदि द्वारा पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण की मांग करती आ रही है? यदि हाँ, तो क्या निर्माण कार्य इस वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
21-06-2005

47. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विद्युत उपखण्ड कार्यालय पांच हजार कनैक्शन पर खोलने का प्रावधान है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि रानीखेत उपखण्ड कार्यालय का कार्य क्षेत्र काफी लम्बा होने से विद्युत समस्या है? यदि हाँ, तो क्या सरकार समस्या निराकरण हेतु द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा में विद्युत उपखण्ड कार्यालय खोलने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री तसलीम अहमद
21-06-2005

48. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद व तहसील हरिद्वार के अन्तर्गत ग्राम बिशनपुर कुन्डी पर बांध बंधने से तहसील लक्सर के गिध्यावाली ग्राम तक बान गंगा की 75% काश्त योग्य भूमि पर अवैध कब्जे के कारण 122 बी की कार्यवाही चल रही है? उक्त भूमि का रकबा कितना है? क्या सरकार उक्त भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर पात्र व्यक्तियों को आवंटित किये जाने की कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

राजस्व

श्री तसलीम अहमद
21-06-2005

**49.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्राम मौ0 पुर कुन्हारी (ब्लाक बहादराबाद) में पंडित पुरी बस्ती में पोलों पर तार नहीं लगे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पोलों पर तार लगा कर एल.टी. लाईन चालू करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री तसलीम अहमद
21-06-2005

**50.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के जौनसार भाबर क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय को छोड़ कर अन्य समुदायों को अनु0 जनजाति की श्रेणी में रखा गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार मुस्लिम समुदाय को भी अनु0 जनजाति में शामिल किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

श्री अजय भट्ट
21-06-2005

**51.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद विद्युत खण्ड सिविल की स्थापना रानीखेत में किस सन् में की गयी थी तथा पूर्व में इस खण्ड द्वारा पीलिभीत एवं शाहजहाँपुर के अलावा उत्तरांचल एवं अन्य कौन-कौन से स्थानों का कार्य देखा जाता था? क्या यह सत्य है कि उत्तरांचल राज्य गठन के बाद रानीखेत स्थित उक्त कार्यालय को रानीखेत से हटा दिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त कार्यालय हटाने के क्या कारण थे तथा क्या सरकार उक्त कार्यालय को पूर्व की भांति पुनः रानीखेत में स्थापित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्रीमती आशा नौटियाल
22-06-2005

**52.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग विकासखण्ड अगस्त्यमुनि के ग्राम पंचायत मयकोटि, चमोली, वरसिल, कुमोली, मालकोटि तथा कर्णधार में पेयजल की गंभीर समस्या है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों की पेयजल समस्या के समाधान हेतु क्या योजना बना रही है तथा योजना कब तक क्रियान्वित कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
22-06-2005

**53.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत दूनागिरी नामक स्थान पर टोढ़रा पेयजल योजना कब से बन्द पड़ी है बन्द होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त पेयजल योजना का पुनर्गठन कर संबंधित गांववासियों को पेयजल सुलभ करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्रीमती आशा नौटियाल
23-06-2005

**54.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत भगवान मद्दमहेश्वर मन्दिर के पीछे बरसाती नाले से मन्दिर को खतरा बना हुआ है? यदि हाँ, तो मन्दिर परिसर बचाने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? योजना का स्वरूप क्या होगा तथा योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
23-06-2005

55. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा विधान सभा क्षेत्र-द्वाराहाट के अन्तर्गत छत्तगुल्ला, सलना, बूंगा, कुई, मैनोली, छतेणा, मल्लीकहाली, तल्ली कहाली, बसेरा, असगोली, कूना, धन्यारी, कुनस्यारी, चमिनी, पिनौली, किरोली व बड़ेत आदि ग्राम सभायें खिरोधाटी ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण कराये जाने की मांग एक दशक से करती आयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पेयजल योजना का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
23-06-2005

56. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद अल्मोड़ा के महाविद्यालय चौखुटिया में इतिहास, हिन्दी, राजनीति शास्त्र एवं समाजशास्त्र विषयों से स्नातकोत्तर कक्षायें वित्तीय वर्ष 2005-2006 से प्रारम्भ किये जाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री कैलाश शर्मा
24-06-2005

57. **केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त**

श्री कैलाश शर्मा
24-06-2005

58. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में नव निर्मित विकास भवन में कार्यरत कर्मचारियों के आने-जाने हेतु अल्मोड़ा से बसों की व्यवस्था करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्री कैलाश शर्मा
24-06-2005

59. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार उत्तरांचल प्रदेश में सिंचाई विभाग का पुर्नगठन करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

सिंचाई

श्रीमती आशा नौटियाल
25-06-2005

60. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत श्री उत्तरांखण्ड विद्यापीठ में राजकीय महाविद्यालय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक विद्यालय की स्वीकृति हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

उच्च शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
25-06-2005

61. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के मातली में स्थित आंचल दुग्ध डेयरी द्वारा दुग्ध ट्रांसपोर्टर्स का दिसम्बर, 2003 से भाड़े का भुगतान नही किया गया है? यदि हाँ, तो वनचौरा ब्रहमखाल, भटवाडी और धौनतरी आदि क्षेत्रों से दूध लाने वाली गाड़ियों के भाड़े का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

दुग्ध विकास

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25-06-2005 | 62. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के ग्राम हटनाली व मुरोगी के गड़ाखाल व उपरी मुरोगी तोकों में विद्युत लाईन नही बिछाई गयी है? यदि हाँ, तो उपरोक्त तोकों मे लाईन बिछाकर कब तक ऊर्जीकृत किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-06-2005 | 63. क्या सिचांई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना अन्तर्गत धनारी गाड़ में कार्यरत कम्पनी निर्माण कार्य से प्रयुक्त होने वाली बजरी व कंक्रीट धुलाई से निकले प्रदूषित जल से सिंगुणी, उदाल्का आदि गांवों की सिंचित भूमि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है? क्या सह सत्य है कि धनारीगाड के पानी को अति प्रदूषित किये जाने पर ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रामीणों की मांग पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सिचांई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-06-2005 | 64. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत घमरा-बिजोरी सिंचाई नहर की मप्पा खड्ड में लगभग 100 मीटर लम्बी दीवार क्षतिग्रस्त होने से सिंचाई बाधित है? यदि हाँ, तो कृषकों के हित में उक्त दीवार का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सिचांई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-06-2005 | 65. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत केवलगांव, मोलागांव, जुगड़गांव, नौगांव-गोडर व कलोजगांव में ट्रांसफार्मर खराब रहने से विद्युत आपूर्ति ठप्प है? यदि हाँ, तो उक्त गांवों में कब तक विद्युत बहाली कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-06-2005 | 66. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ में स्थित राजकीय महाविद्यालय में कृषि विज्ञान की कक्षायें संचालित की जायेंगी? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>28-06-2005 | 67. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि टिहरी बांध परियोजना में टिहरी शहर के क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या एक पुराना बस अड्डा टिहरी के लगभग 50 से अधिक पात्र विस्थापितों को देहरादून में भवन निर्माण हेतु देय भवन निर्माण सहायता का भुगतान नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन पात्र विस्थापितों को अन्य विस्थापितों की भांति भवन निर्माण सहायता उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-06-2005 | 68. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद-नैनीताल में जमरानी बांध निर्माण का निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो बांध निर्माण का कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>29-06-2005 | **69.** क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि सिंचाई के अभाव में जनपद पिथौरागढ़ के ब्लाक गंगोलीहाट के ग्राम रैतोला में इस वर्ष जायज की फसल नहीं बोई गई? क्या यह भी सत्य है कि इस ग्राम के लिये सरयू नदी से पम्पिंग योजना द्वारा सिंचाई बन्द पड़ी है? क्या सरकार इसकी जांच कर दोषी को दण्डित करेगी तथा सिंचाई योजना को पुनः चालू कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>30-06-2005 | **70.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्वर्ण जयन्ती रोजगार योजना तथा सुनिश्चित रोजगार योजना के अन्तर्गत कार्यरत मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>01-07-2005 | **71.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी काशीपुर के पास प्रायः तहसील जसपुर एवं बाजपुर का भी अतिरिक्त कार्यभार रहता है? क्या यह सत्य है कि खटीमा पानीपत मार्ग प्रदेश का मुख्य मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आवागमन की अधिकता के कारण उपजिलाधिकारी काशीपुर का कार्य प्रभावित हो रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके लिये कोई प्रभावी कदम उठाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>02-07-2005 | **72.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पशुधन प्रसार हेतु पशुओं की नस्ल सुधार हेतु सरकार द्वारा कोई व्यापक तथा प्रभावी कार्य योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो कब तक योजना लागू कर दी जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **पशुपालन** |
| श्री प्रकाश पंत<br>04-07-2005 | **73.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल पावर कारपोरेशन में पर्सनल ऑफिसर तथा सीनियर पर्सनल ऑफिसर के रिक्त पदों के लिये कोई विज्ञापन दिया गया था? यदि हाँ, तो कब? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन पदों पर नियुक्ति के लिये फरग्युसन एसोसियेट, न्यू दिल्ली को अधिकृत किया गया और उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों की सूची पावर कारपोरेशन को उपलब्ध करा दी है? यदि हाँ, तो अब तक नियुक्ति न किये जाने के क्या कारण है तथा कब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी? | **ऊर्जा** |
| श्री प्रकाश पंत<br>04-07-2005 | **74.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड विण तथा मूनाकोट में जून, 2005 तथा जुलाई, 2005 में हुई अतिवृष्टि से कितनी फसल सिंचाई योजनायें, पेयजल योजनायें, आवासीय भवन, कृषि भूमि तथा सार्वजनिक मार्गो की क्षति हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा उक्त क्षति के सापेक्ष पुर्ननिर्माण तथा मुआवजा वितरण कर लिया है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-07-2005 | **75.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला कार्यालय (जनपद नैनीताल) में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 16 आवासों के पुर्ननिर्माण के संबंध में उत्तरांचल शासन राजस्व विभाग के द्वारा पत्र संख्या 32 ऐ0ओ0/2005, दिनांक 04 जनवरी, 2005 के माध्यम से जो सूचनायें जिलाधिकारी, नैनीताल से मांगी गई थी, शासन को प्राप्त हो गई हैं? यदि हाँ, तो सूचना कब प्राप्त हुई और उपरोक्त भवनों के पुर्ननिर्माण हेतु क्या कार्यवाही की गई है? | **राजस्व** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-07-2005 | **76.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल जनपद में दुर्गापुर जल विद्युत परियोजना को पुनः चालू किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-07-2005 | **77.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितनी भूमि औद्योगिक क्षेत्र को आवंटित की गयी है? | **उद्योग** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>04-07-2005 | **78.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत विकासखण्ड कर्णप्रयाग में सिमली-सेनू नहर कब से बन्द पड़ी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त नहर के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हाँ, तो कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>04-07-2005 | **79.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद चमोली में गैरसैण विकासखण्ड के अन्तर्गत सणकोट पेयजल योजना के निर्माण से किन-किन गांवों को लाभ मिल पायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **पेयजल** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>04-07-2005 | **80.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग एवं गैरसैण विकास खण्डों के अन्तर्गत वर्ष 1999 में आये विनाशकारी भूकम्प से प्रभावित सभी लोगो को मुवावजे का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>04-07-2005 | **81.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली में गौचर नामक स्थान पर पुलिस चौकी एवं रावलनगर के आस-पास भूस्खलन होने से दुर्घटना होने की सम्भावना उत्पन्न हो गयी है? यदि हाँ, तो सरकार इसकी रोकथाम हेतु क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |

श्री अजय भट्ट
05-07-2005

82. क्या तीर्थाटन एवं धर्मस्व कार्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितने नगर धार्मिक नगर घोषित है? क्या गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित उत्तरकाशी नगर को भी सरकार धार्मिक नगर घोषित करने पर विचार करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? तीर्थाटन

श्री अजय भट्ट
05-07-2005

83. **दिनांक 05-10-2005 को अतारांकित 84 द्वारा उत्तरित**

श्री अजय भट्ट
05-07-2005

84. **दिनांक 05-10-2005 को अतारांकित 85 द्वारा उत्तरित**

श्री अनिल नौटियाल
06-07-2005

85. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गौचर नामक स्थान पर निर्मित हवाई पट्टी से श्री बद्रीनाथ एवं केदारनाथ के लिये यात्री हवाई सेवा कब तक प्रारम्भ कर दी जायेगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि गौचर हवाई पट्टी का विस्तार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? नागरिक उड्डयन

श्री अनिल नौटियाल
06-07-2005

86. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि शासन द्वारा उत्तरांचल प्रा0वि0 को दिये गये निःशुल्क पेयजल के कनेक्शनों पर विभाग द्वारा शुल्क लिया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बिलों को निरस्त करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? पेयजल

श्री अनिल नौटियाल
06-07-2005

87. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के गैरसैण विकास खण्ड में कालीमाटी ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम सेरा व तेवाखर्क हेतु विभाग द्वारा कोई पेयजल योजना न बनाये जाने के कारण ग्रामवासी अत्यन्त परेशानी में जीवन यापन कर रहें हैं? यदि हाँ, तो सरकार पेयजल समस्या के निदान हेतु क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? पेयजल

श्री अनिल नौटियाल
06-07-2005

88. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड गैरसैण के अन्तर्गत धारगढ़ एवं थाला गांवों में पेयजल समस्या बनी हुई है? यदि हाँ, तो सरकार इस दिशा में क्या प्रयास कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? पेयजल

डा0 नारायण सिंह जन्तवाल 06-07-2005 — **89.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में श्रम संविदा सहकारी समितियों को विभिन्न निर्माण कार्य सीधे आवंटन करने की योजना पर सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? — **सहकारिता**

श्री कैलाश शर्मा 06-07-2005 — **90.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तरांचल के व्यापारियों को 2 किलो-वाट की बिजली घरेलू दामों पर उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रही हैं? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **ऊर्जा**

श्री हरभजन सिंह चीमा 06-07-2005 — **91.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंह नगर के ब्लाक काशीपुर की ग्राम पंचायत महतावन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम महतावन, महुआडाली एवं लक्ष्मीपुर का पुलिस नियन्त्रण थाना बाजपुर से हटाकर कोतवाली काशीपुर किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया हैं? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों? — **गृह**

श्री अजय भट्ट 06-07-2005 — **92.** क्या पेयजल मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद टिहरी के अन्तर्गत नयी टिहरी में गंभीर पेयजल समस्या बनी हुई है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा पेयजल समस्या के समाधान हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है? क्या सरकार नई टिहरी हेतु घुन्तु अथवा अन्य किसी उँचें स्थान से ''ग्रेविटी'' पेयजल योजना बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? — **पेयजल**

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 06-07-2005 — 93. **अल्पसूचित प्रश्न संख्या-01 में समाहित** — मुख्यमंत्री कार्यालय

श्रीमती आशा नौटियाल 07-07-2005 — **94.** क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगस्त्यमुनि तथा ऊखीमठ में वर्तमान समय में कितनी ग्राम पंचायतों में आंगनवाडी केन्द्र संचालित हैं तथा कितनी पंचायतें ऐसी हैं जिनमें आंगनवाडी केन्द्र नही खोले गये हैं? क्या सरकार ग्राम पिल्ली सारी ऊखीमठ गिरिया गडगू विजरकोट अगस्त्यमुनि आदि गांवों में भी आंगनवाडी केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? — **बाल विकास**

डा0 नारायण सिंह जन्तवाल 07-07-2005 — **95.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड भीमताल में ग्राम अमृतपुर में बैलगड़ गूल निर्माण करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? — **सिंचाई**

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>07-07-2005 | **96.** क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड भीमताल में 10 नवम्बर, 2004 को भवन लोकार्पण के समय मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा विद्युत उपखण्ड कार्यालय खोलने (सब डिवीजन) की घोषणा की थी? यदि हाँ, तो उक्त की कार्यवाही कर ली गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>07-07-2005 | **97.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नटटागुल्ली, भतौरा, बाडी, बनोली, बुढ़ासुरना से सुरना तथा बिन्ता से मटेला तक की उपजाऊ भूमि हेतु गूलों का जीर्णोद्वार नव निर्माण कर लिया गया है? यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं? | सिंचाई |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>07-07-2005 | **98.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत ग्राम मल्लीमिरई हेतु भुमकिया स्रोत से पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि हाँ, तो उक्त योजना से ग्रामवासियों को पेयजल सुविधा मिल चुकी है? यदि नहीं, तो विलम्ब होने के क्या कारण हैं? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07-07-2005 | **99.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड कर्णप्रयाग के ग्राम पंचायत नौली हिण्डोली में पेयजल लाईन व स्टोर टैंक की मरम्मत न होने के कारण उक्त सत्र में पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजना का मरम्मत कार्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07-07-2005 | **100.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के ग्राम पंचायत मोख मल्ला को हरिजन बस्ती, मल्ला गांव में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री अजय भट्ट<br>08-07-2005 | **101.** क्या सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में केदारनाथ धाम में स्थित शंकराचार्य जी की समाधि को मन्दाकिनी नदी के कटाव से खतरा उत्पन्न हो गया है? यदि हाँ, तो समाधि की सुरक्षा हेतु सरकार क्या प्रबन्ध कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री कैलाश शर्मा<br>06-07-2005 | **102.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के व्यापारियों का उत्तरांचल राज्य के समग्र विकास में योगदान को दृष्टिगत रखते हुये सरकार राज्य में 'व्यापारी कल्याण कोष बीमा योजना' लागू करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |

श्री अजय भट्ट
08-07-2005

**103.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद उत्तरकाशी में स्थित चिन्यालीसौण महाविद्यालय सिंचाई विभाग के भवन में संचालित किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि सिंचाई विभाग ने महाविद्यालय को अन्यत्र स्थापित करने हेतु विद्यालय प्रशासन को कोई नोटिस दिया है? यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त महाविद्यालय का भवन निर्माण करेंगी तथा भवन बनने तक विद्यालय को कहां स्थानान्तरित करेंगी?

**उच्च शिक्षा**

श्री अजय भट्ट
08-07-2005

**104.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौण महाविद्यालय में कुल कितने छात्र/छात्राए अध्ययनरत हैं? क्या वर्तमान में उक्त महाविद्यालय में छात्रों, प्राचार्य एवं अध्यापकों का अनुपात मानकों के अनुसार है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक रिक्त अध्यापकों/प्राचार्य तैनात कर दिये जायेंगे?

**उच्च शिक्षा**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
08-07-2005

**105.** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में हवाई पट्टी निर्माण में अब तक कुल कितना परिव्यय किया जा चुका है? उक्त हवाई पट्टी में हवाई सेवायें कब से प्रारम्भ की जायेंगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**नागरिक उड्डयन**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
08-07-2005

**106.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण धरासू में कार्यरत कोस्टल निर्माण कम्पनी में कार्यरत संविदा श्रमिकों, कम्पनी प्रबन्धन व सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों के मध्य माह मई, 2005 में कोई समझौता किया गया था? क्या यह सत्य है कि कोस्टल द्वारा समझौता की शर्तों के विरूद्ध संविदा श्रमिकों के स्थानान्तरण अरूणाचल प्रदेश किये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या समझौता की शर्तों का अनुपालन कर स्थानान्तरण कार्यवाही स्थगित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**सिंचाई**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
08-07-2005

**107.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में कुल कितने औद्योगिक प्लाट आवंटन हेतु काटे गये थे तथा कितने आंवटित किये जा चुके हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आवंटित प्लाटों में कितनी औद्योगिक इकाईयां स्थापित हो चुकी हैं तथा कितने आंवटित प्लाटों में औद्योगिक इकाईयों स्थापित नही की जा सकी हैं? क्या उन प्लाटों को निरस्त किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**उद्योग**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
08-07-2005

**108.** क्या ऊर्जा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट की गुलाडी लघु जल विद्युत परियोजना से वर्तमान में विद्युत आपूर्ति हो रही है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार ग्रामीणों की समस्या को मध्यनजर रखते हुए किसी अन्य माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**ऊर्जा**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल नौटियाल<br>08-07-2005 | **109.** क्या पशुपालन मंत्री की जानकारी में है कि जनपद चमोली के गैरसैण विकास खण्ड में श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम गैरसैण ने कुछ कुक्कट पालकों को निःशुल्क चूजे आवंटित करने हेतु केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पशुलोक प्रक्षेत्र (देहरादून) को चूजे सप्लाई किये जाने हेतु आर्डर दिये थे? यदि हाँ, तो क्या 30 जून, 05 तक चूजे सप्लाई कर दिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>08-07-2005 | **110.** क्या मुख्यमंत्री को जानकारी में है कि जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैण के अन्तर्गत ग्राम-बडेथ को भूस्खलन से खतरा बना हुआ है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री अनिल नौटियाल<br>08-07-2005 | **111.** क्या लघु सिंचाई मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित हाईड्रम योजनाओं पर विभाग द्वारा चौकीदारों की नियुक्ति की गयी है? यदि हाँ,तो इनका मानदेय/वेतन कितना है? क्या विभाग में कार्यरत सभी चौकीदारों को नियमित मानदेय/वेतन का भुगतान जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री कैलाश शर्मा<br>08-07-2005 | **112.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि फलसीमा अल्मोड़ा में निर्माणाधीन पं0 उदयशंकर नाट्य अकादमी का निर्माण कार्य वर्तमान में रोक दिया गया है? यदि हाँ, तो क्यों? निर्माण कार्य कब तक पुनः प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **संस्कृति** |
| श्री कैलाश शर्मा<br>08-07-2005 | **113** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा नगर की पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने हेतु कोसी नदी में जल संवर्द्धन हेतु डैम बनवाने पर सरकार विचार कर रही हैं? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री कैलाश शर्मा<br>08-07-2005 | **114** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड हवालबाग में तल्ला तिखून तथा मल्ला मल्ला तिखून के मध्य क्षेत्र वासियों की लम्बें समय से चली आ रही मांग को दृष्टिगत रखते हुये क्या सरकार महाविद्यालय स्वीकृत करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक स्वीकृति मिल जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>08-07-2005 | 115. **दिनांक 21-10-2005 को अतारांकित 75 द्वारा उत्तरित** | |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>08-07-2005 | 116. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के ग्राम किणझाणी, वाडव, कान्दी, केडा, तेवडी सहित कई गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या से क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान हेतु इस क्षेत्र में एक और ट्रासंफामर्र लगायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री अजय भट्ट<br>11-07-2005 | 117. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विशिष्ट, अति विशिष्ट महत्वपूर्ण एवं अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों हेतु ''प्रोटोकाल'' निर्धारित कर दिया गया है? यदि हाँ, तो निर्धारित नियमावली में क्रमानुसार विशिष्ट, अतिविशिष्ट महत्वपूर्ण एवं अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों का क्रमानुसार प्रोटोकाल में प्राथमिकता क्रम क्या है तथा इसके अनुपालन के लिये सरकार ने क्या व्यवस्था की है? | प्रोटोकाल |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>11-07-2005 | 118. क्या आपदा मंत्री को यह जानकारी है कि ग्राम पंचायत सारी ऊखीमठ जनपद रूद्रप्रयाग में भूस्खलन से ग्राम दिल्पी के निवासियों का खतरा बना हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके रोकथाम की योजना बना रही है? क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में इस योजना पर कार्य प्रारम्भ कर देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>11-07-2005 | 119. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत पद्रमागाढ़ नागजगई पेयजल योजना के पुर्नगठन की योजना बनायी जा चुकी है? यदि हाँ, तो इसी वित्तीय वर्ष में इस योजना पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11-07-2005 | 120. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेगे कि विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के 187, ''उत्तरांखण्ड राज्य प्राप्ति आन्दोलकारियों'' की सूची संबंधी पत्र पत्रांक 2113/वि./उ.रा. प्रा.आ.-04-05, दि0 13.08.2004 उन्हें प्राप्त हुआ हैं? यदि हाँ, तो उक्त पत्र/सूची पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी तथा कितने आन्दोलकारियों को अब तक सेवायोजित किया जा चुका है? क्या शेष आन्दोलकारियों को सेवायोजित किया जायेगा अथवा अन्य अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जायेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>11-07-2005 | 121. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1956-65 के भूमि बन्दोबस्त के बाद भूमि की श्रेणियों में काफी परिवर्तन हो चुका है और कतिपय मामलों में खातेदारों/पटटाधारकों को कुमाऊँ उत्तरांखण्ड जमींदारी विनाश अधिनियम 1960 लागू होने पर भूमिधरी अधिकार प्राप्त नही हो सके हैं? यदि हाँ, तो इस निमित्त शासन ने क्या ठोस कार्यवाही की है तथा ऐसे प्रकरणों के निस्तारण हेतु नवीन बन्दोबस्त की आवश्यकता होगी? यदि हाँ, तो राज्य में कब तक बन्दोबस्ती की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>11-07-2005 | **122.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल की बैंच हरिद्वार में स्थापित किये जाने के संबंध में कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | न्याय |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>11-07-2005 | **123.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तरांचल में विगत लम्बे समय से किसानों के कब्जे वाली कास्तकारी भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में वर्ग 4 में अंकित है के प्रति सक्षम न्यायालयों में किसानों के विरूद्ध चलाए जा रहे मुकदमों को वापस ले रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रकाश पंत<br>12-07-2005 | **124.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पिथौरागढ़ जिला मुख्यालय में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पंत<br>13-07-2005 | **125.** क्या पेयजल मंत्री बतायेंगे कि नगरपालिका परिषद पिथौरागढ़ में पेयजल आपूर्ति हेतु कितनी पेयजल योजनायें संचालित की जा रही हैं तथा संचालित योजनाओं की क्षमता कितनी एम.एल.डी. है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अप्रैल, 2005 से 30 जून, 2005 तक सभी पेयजल योजनाओं के माध्यम से कितनी एम.एल.डी. पेयजल आपूर्ति हुई तथा वर्तमान में मांग कितनी एम.एल.डी. है? क्या सरकार मांग के सापेक्ष आपूर्ति करने के संबंध में विचार कर रही है? क्या सरकार घाट पम्पिंग योजना के पुर्ननिर्माण के संबंध में कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पंत<br>13-07-2005 | **126.** क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि 15 नवम्बर, 2003 को उत्तरांचल शासन के आदेश संख्या-3107/स0क0/2003-237 (समाज कल्याण) के द्वारा की गयी अधिसूचना के माध्यम से उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश) लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडें वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 को संशोधित किया है? यदि हाँ, तो अधिनियम की अनुसूची एक में प्रविष्टि-70 के पश्चात बढ़ाई गयी जातियों तथा उप जातियों का ब्योरा सदन के पटल पर रखेंगे? क्या अधिसूचित किये गये समस्त समुदाय उक्त आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं? | कार्मिक |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>13-07-2005 | **127.** क्या पेयजल मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के ग्राम सेती में जल संस्थान द्वारा किये जा रहे पेयजल विस्तार में सैती हरिजन बस्ती बगड तथा सिरीधार को भी जौडा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>13-07-2005 | **128.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेती में जनता द्वारा नये बिजली के खम्बों को लगवाये जाने की मांग एवं लो वोल्टेज की शिकायत की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त समस्याओं के समाधान हेतु विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>13-07-2005 | 129. | क्या ऊर्जा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट के ग्राम पंचायत मोख तल्ला में वर्तमान समय में चल रहे विद्युतीकरण के साथ ग्राम सभा के कुखुड गेठा तोक को भी विद्युतीकरण से जोड़ा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-07-2005 | 130. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत खालसी पेयजल योजना कई वर्षो से स्वीकृत हैं? यदि हाँ, तो उक्त योजना को कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>13-07-2005 | 131. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत क्यारी, सर्प, गोरूण और कुमराड़ा में दिनांक 27.06.2005 को बादल फटने व अतिवृष्टि से तथा विकासखण्ड नौगांव के अन्तर्गत निसणी, पिण्डकी और मदेश आदि गांवों में जुलाई 2005 के प्रथम सप्ताह में अत्याधिक अतिवृष्टि से काश्तकारों की कृषि भूमि व आलू की फसल बरबाद हुई है एवं अतिवृष्टि के कारण ग्रामीणों के सम्पर्क मार्गो के मध्य दो पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा पीड़ित ग्रामीणों को दी गई राहत राशि का विवरण क्या है? क्या सरकार क्षतिग्रस्त पुलों का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रकाश पतं<br>14-07-2005 | 132. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जिलों की विकास योजना का प्रारूप तैयार करने हेतु संविधान के अनुच्छेद 243 य घ के अनुसार जिला योजना समिति का गठन कर दिया गया है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है तथा समिति के सदस्यों के चयन हेतु क्या मानक हैं? | नियोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12-07-2005 | 133. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून शहर के घण्टाघर में स्थापित स्व0 इन्द्रमणी बडोनी जी की मूर्ति उनके मूल स्वरूप से मेल न खाने पर आन्दोलनकारी संगठनों द्वारा मूल स्वरूप की मूर्ति निर्माण कर स्थापित कराये जाने की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार स्व0 इन्द्रमणी बडोनी जी की उक्त मूर्ति को हटाकर मूलस्वरूप की मूर्ति स्थापित करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>02-07-2005 | 134. | क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि खेतिहर मजदूरों का कृषि क्षेत्र में काफी बड़ा योगदान रहता है? राज्य में इनकी संख्या कितनी है? क्या राजस्व अभिलेखों में इनके नामांकन का कोई प्रावधान है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भूमिहीन खेतिहर मजदूरों के कल्याणार्थ कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>06-06-2005 | **135.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी देहरा विकास प्रा0धि0 द्वारा भट्टाफाल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया गया है? यदि हाँ, तो वहां पर पर्यटकों को क्या सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है तथा उन सुविधाओं के एवज में क्या शुल्क निर्धारित किया है? | **आवास** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23-06-2005 | **136.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार बी.पी.एल. व ए.पी.एल. चिन्हीकरण मानक दिशानिर्देश (गाडलाईन) पुस्तिका उपलब्ध करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री प्रकाश पंत<br>06-06-2005 | **137.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड करने की प्रक्रिया की जा रही है? यदि हाँ, तो वर्ष 2003-04 तथा वर्ष 2004-05 में कितने नागरिकों की भूमि फ्रीहोल्ड की गयी है तथा कितने प्रकरण लम्बित है? क्या सरकार लम्बित प्रकरणों का निस्तारण करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि नजूल भूमि फ्रीहोल्ड धारकों को पूर्ण हस्तन्तरणीय अधिकार प्रदान कर दिये गये है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **आवास** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>22-07-2005 | **138.** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में नियत प्राधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद् पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विनियमित क्षेत्र में विकास शुल्क की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो क्या जनता द्वारा उक्त वृद्धि को वापस लेने की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार विकास शुल्क की बढ़ी हुई दरों को वापस लेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आवास** |

# नत्थी (ङ)

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 की बैठक में दिनांक 24 अक्टूबर के उपवेशन के कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**अक्टूबर, 2005**

22 शनिवार ( बैठक नहीं होगी )

23 रविवार ( अवकाश )

24 सोमवार **पूर्व स्वीकृत कार्यक्रम के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्य :-**

1- श्री फूल सिंह बिष्ट द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय पर एक घंटे की चर्चा :-

"निर्माणाधीन टिहरी बांध की टनल संख्या टी-2 को बन्द कर दिए जाने के निर्णय से टिहरी बांध से प्रभावितों जिनका अभी तक पूर्ण रूप से पुनर्वासन नहीं किया जा सका है में व्याप्त भय क्षोभ एवं असन्तोष के सम्बन्ध में।"

**( कार्यस्थगन प्रस्ताव की मद के तुरन्त उपरान्त )**

2- उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 पर विचार एवं पारण। (15 मिनट)

3- **(क)** प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों एवं प्रदेश की बाहर की इकाईयों को शीरे के आवंटन की अनुबन्ध की दरों विषयक दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-1 नत्थी (क) के सम्बन्ध में डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-49 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

**(ख)** सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को कोल्हू चलाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु नीति विषयक दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-2 नत्थी (क) के सम्बन्ध में श्री मदन कौशिक द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-49 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

उत्तरांचल विधान सभा

# नत्थी (च)

## राष्ट्र–गान

जन–गण–मन–अधिनायक जय हे।

भारत–भाग्य–विधाता।।

पंजाब–सिंधु–गुजरात–मराठा

द्राविड़–उत्कल–बंग।

विन्ध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा,

उच्छल–जलधि–तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन–गण–मंगलदायक जय हे,

भारत–भाग्य–विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।